## चिकित्सालय का निरीक्षण

**बीकानेर**, 14 जनवरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध तथा बीकानेर ब्लाक के ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील जैन द्वारा उपजिला अस्पताल नापासर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलक नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नापासर अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर को शीघ्र प्रारंभ करवाने के उद्देश्य से चिकित्सकों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक रणनीति तय की गई। सीएमएचओ डॉ. साध ने विशेष रूप से आंखों से संबंधित ऑपरेशन प्रारंभ करवाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना व मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीडी), एचपीवी वैक्सीनेशन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति को लेकर संबंधित अभिलेखों की गहन पड़ताल की गई। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष मेघवाल, डॉ राजेंद्र चौधरी सहित स्टाफ मौजूद रहे।

उपजिला अस्पताल नापासर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत गत एक वर्ष में लगभग 28 लाख रुपये के पैकेज सफलतापूर्वक बुक किए गए। वहीं लगभग 14 लाख रुपये के पैकेज निरस्त होना सामने आया।

# षटतिला एकादशी व मकर संक्रांति पर श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**बीकानेर**। जयपुर रोड स्थित प्रसिद्ध श्याम मंदिर में आज षटतिला एकादशी एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन हेतु भक्त मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। भजन-कीर्तन, जयकारों और भक्तिमय वातावरण से पूरा मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो उठा।

इस शुभ अवसर पर भक्तों द्वारा बाबा श्याम को विभिन्न प्रकार के प्रसादों का भोग अर्पित किया गया। विशेष रूप से तिल से बने विविध प्रसाद चढ़ाए गए। बाबा का भव्य एवं आकर्षक फूलों से श्रृंगार किशन शर्मा एवं चेतन शर्मा द्वारा किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बाबा को पतंग की माला भी पहनाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा दूध, चाय एवं कॉफी की सेवा लगाई गई, जो शाम तक निरंतर चलती रही। इसके साथ ही बाबा के भक्तों द्वारा केसर युक्त दूध का वितरण भी किया गया। आने-जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को गुलाब का फूल, इत्र तथा फल-फ्रूट का प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन एवं नृत्य किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर हो गया। वहीं, मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति अर्पित की।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार षटतिला एकादशी का व्रत जीवन से सभी कष्टों एवं दोषों को दूर कर मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। शास्त्रों में उल्लेख है कि इस व्रत की पूजा तब तक अधूरी मानी जाती है, जब तक भगवान विष्णु की महिमा का गुणगान करने वाली कथा का पाठ नहीं किया जाता। इसे पुण्य फल प्रदान करने वाली श्रेष्ठ एकादशी कहा गया है।

इस पावन अवसर पर श्याम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष के. के. शर्मा के नेतृत्व में सुरेश चंद्र भसीन, बृजमोहन जिंदल, ओम जिंदल एवं सुरेश अग्रवाल सहित अन्य ट्रस्ट सदस्य सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से लगे रहे। ट्रस्ट की सजगता और बेहतर समन्वय के चलते दर्शन व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं सेवा कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।

## युवाओं से अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान

**बीकानेर**, । जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कहा कि 20 जनवरी को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले युवा संबल मेले की सभी तैयारियां समय रहते कर ली जाए। उन्होंने युवाओं से भी इस मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया और बताया कि मेले में पांच हजार से अधिक रोजगार के अवसर युवाओं के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे।

मेले की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर आयोजित होने वाला यह मेला युवाओं के लिए बड़ा अवसर है। अब तक पच्चीस से अधिक कम्पनियों ने पांच हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की सहमति दी है। उन्होंने इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके। जिला कलक्टर मेले से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बीकानेर विकास प्राधिकरण को कार्यक्रम स्थल पर वीडियो वॉल लगाने और इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार करने, जिला उद्योग केन्द्र एवं वाणिज्य केन्द्र को उद्योग संघ के प्रतिनिधियों और प्रतिष्ठित नियोजकों से समन्वय कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन के लिए पुलिस विभाग को, वाईफाई जोन की स्थापना एवं तकनीकी सहयोग के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक को कार्यक्रम स्थल पर सफाई, पेयजल, चल शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम को निर्देशित किया।

## मरीजों को मिलेंगी निःशुल्क दवाएं

**पूंगल**। राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बाहर की दवाइयां लिखने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। यह कदम मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत सभी सूचीबद्ध दवाइयों की नि:शुल्क उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

निदेशालय ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

इसके बावजूद, विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि चिकित्सक मरीजों को बाहर के निजी मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदने के लिए कह रहे हैं। मरीजों को बताया जाता है कि ये दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। नए आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि ऐसी शिकायतें मिलने पर संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### साध्वी मनुयशा की स्मृति सभा आयोजित

**बीकानेर** , 14 जनवरी। गंगाशहर सेवा केन्द्र शान्तिनिकेतन में विराजित रही साध्वी श्री मनुयशा जी (लाछुड़ा ) जी की स्मृति सभा 14 जनवरी को व्याख्यान उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार जी स्वामी एवं सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका साध्वी विशदप्रज्ञा एवं साध्वी लब्धियशा जी की सान्निध्य में शान्तिनिकेतन सेवा केन्द्र में आयोजित हुई। आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री मनुयशा जी कल मंगलवार को देहावसान (अंरिहत शरण) हो गई थी। स्मृति सभा में बोलते हुए उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि श्री कमल कुमार जी स्वामी ने कहा कि आत्मा ही सर्वश्रेष्ठ है। आत्मा को पाप कर्मों से सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। आत्म दर्शी बनों अन्तर दृष्टि का जागरण होने से ही भव भव के जीवन मरण के चक्र को कम किया जा सकता है। साध्वी श्री मनुयशा जी ने जिस मुमुक्षा भाव से, वैराग्य भाव दीक्षित हुई थी उस वैराग्य भावना को ओर अधिक बढाया। मुनि श्री ने दोहों के माध्यम से भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति प्रदान की। साध्वी विशद्प्रज्ञाजी ने अपनी श्रद्धा अभिव्यक्त करते हुए कहा कि उनमें सेवा केन्द्र की व्यवस्थाओं का अच्छा ज्ञान था। हर कोई नये सेवा गुरूप के लिए अच्छी सलाहकार बनी हुई थी। उनमें करूणा का भाव था। अपनत्व ओर प्रमोद भावन से सबको प्रभावित किया। उनकी आत्मा के मोक्षगामी बनने की कामना कीइस अवसर पर साध्वी श्री लब्धियशा जी ने कहा कि साध्वी श्री मनुयशा जी में आत्मियता ओर वात्सल्य भाव बहुत अच्छा था। काफी वर्षों से रूग्णवस्था में थी फिर भी शारीरिक कष्टों को धेर्य ओर समता के साथ सहन किया।

फोटो -त्तीन एफ-रक्तवीर शिवा संस्था ने असहाय लोगों कंबल वितरित किए

### असहाय लोगों कंबल वितरण

**बीकानेर**। रक्तवीर सेवा संस्था बीकानेर टीम ने कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल वितरण अभियान 'मानवता की सेवा, सर्दी में गर्माहट' चलाया। इस अभियान के तहत सड़कों और फुटपाथों पर रहने वाले असहाय लोगों को कंबल, जुराब और टोपी वितरित किए गए। संस्था के संस्थापक रक्तवीर राजेश गोदारा ने बताया कि रक्तवीर सेवा संस्था कि टीम सर्दी के मौसम में गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए निरंतर ऐसे जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। संस्था के सदस्य ओंकारनाथ सिद्ध और डालचंद पाणेचा ने कहा कि वे आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे, साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पब्लिक पार्क, भीमसेन चौधरी सर्किल और जरूरतमंद परिवारों के घरों तक भी कंबल पहुंचाए गए। इस दौरान ओंकारनाथ सिद्ध, राजेश गोदारा, मुनिनाथ सिद्ध, जयशंकर उपाध्याय, पवन नाथ, संदीप सिद्ध, गोपीनाथ, श्रवण सिद्ध ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण में सहयोग किया।

### रेडियो की सुनहरी यादें 'कार्यक्रम 25 को

**बीकानेर**। पर्यावरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सामाजिक संस्था वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति की प्रेरणा से मंगलवार को लोहड़ी और मकर सक्रांति के पावन अवसर पर पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर को 2000 काले चश्मे सप्रेम भेंट किए गए। उल्लेखनीय है कि पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगियों की आवश्यकता एवं उपयोगिता को देखते हुए समिति द्वारा पिछले लम्बे समय से लगातार काले चश्मे भेंट किए जा रहे हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित जारी आदेश के अनुसार गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल, चना का 5875 रुपये, सरसों का 6200 रुपये, जौ का 2150 रुपये, मसूर का 6700 रुपये और कुसुम का 6540 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

### नोखा और प्रवासी राजस्थानियों ने मनाया अष्टम श्याम महोत्सव

**नोखा**। यहा प्रवासी राजस्थानियों के श्री श्याम मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अष्टम श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्याम दरबार को भव्य रूप से सजाया गया और अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। इसके साथ ही पूरा पंडाल 'जय श्री श्याम' के जयघोष से गूंज उठा। श्याम बाबा के अलौकिक श्रृंगार को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। भजन संध्या में जयपुर की उमा लहरी, नोखा के ओम राठी और सूरजगढ़ के राजेश शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। 'सांवरा जब मेरे साथ है, किस बात की चिंता है' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कई भक्तों की आंखें नम हो गईं, जबकि कई हाथ उठाकर श्याम बाबा से अपनी अरदास करते दिखे। दरबार में फूलों की होली खेली गई, जिसमें पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। इसके बाद श्याम बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भोग के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। इस आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट, मोरबी के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट के अध्यक्ष रिछपाल मांझू, उपाध्यक्ष सुरेश गढ़वाल, सचिव सुभाष पंवार सहित हंसराज, प्रह्लाद गुर्जर और ओमप्रकाश जैसे अन्य पदाधिकारियों ने सेवा भाव से व्यवस्थाएं संभालीं। महोत्सव में राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया भी उपस्थित रहे। ईडन हिल्स में श्रीनिवास पंवार और सुभाष पंवार के साथ सुरेश पंवार, अनिल, सीताराम, सहदेव, रामनिवास, योगेश, संदीप, नवीन, सौरभ और अशोक सहित कई युवाओं ने विधायक अभिमन्यु पूनिया का स्वागत-सम्मान किया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा की कृपा से यह महोत्सव भक्ति, प्रेम और सेवा का अनुपम संगम बन गया, जहां देर रात तक श्याम नाम की गूंज वातावरण को पावन करती रही।

## वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति ने पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में दो हजार काले चश्मे किए भेंट

**बीकानेर**। पर्यावरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सामाजिक संस्था वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति की प्रेरणा से मंगलवार को लोहड़ी और मकर सक्रांति के पावन अवसर पर पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर को 2000 काले चश्मे सप्रेम भेंट किए गए। उल्लेखनीय है कि पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगियों की आवश्यकता एवं उपयोगिता को देखते हुए समिति द्वारा पिछले लम्बे समय से लगातार काले चश्मे भेंट किए जा रहे हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सेवा समिति की प्रेरणा और भामाशाहों के सहयोग से अब तक पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में कुल 20360 काले चश्मे निशुल्क भेंट किए जा चुके हैं। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सालय के विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर और स्टाफ ने समिति सदस्यों और भामाशाहों का पुनीत सेवा कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अनुसंधान जल्द करें ताकि पीड़ित को मिल सके न्याय

- एससी-एसटी एक्ट नियम 04 अंतर्गत मासिक बैठक का आयोजन
- विशिष्ट लोक अभियोजक राधेश्याम सेवग ने कहा कि पुलिस जमानत के लिए केस. डायरी समय पर पेश कर

**बीकानेर**, 14 जनवरी। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण नियम 04 के अंतर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम सिटी रमेश देव की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीएम सिटी ने कहा कि एससी-एसटी एक्ट नियम 04 के अंतर्गत दर्ज मामलों का अनुसंधान जल्द कर कोर्ट में आरोप पत्र पेश करें ताकि पीडित को जल्द न्याय मिल सके। साथ ही विशिष्ट लोक अभियोजक भी प्रभावशाली पैरवी करे ताकि पीडित को न्याय मिल सके।

विशिष्ट लोक अभियोजक राधेश्याम सेवग ने कहा कि पुलिस जमानत के लिए केस० डायरी समय पर न्यायालय में पेश करें। साथ ही संबंधित जांच में चालान के साथ ही एफएसएल रिपोर्ट पेश करें। सेवग ने बताया कि न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अपर सेशन न्यायालय में अब तक विचाराधीन कुल मामले 791 हैं। जिनमें से बहस चार्ज में 326, अभियोजना साक्ष्य में 262, ब्यान मुलजिम में 75, शहादत सफाई में 56 और अंतिम बहस में 68 प्रकरण है।

सेवग ने बताया कि माह दिसंबर 2025 में एससी-एसटी एक्ट नियम 04 के तहत कुल 04 निणर्य हुए। जिनमें से 03 मामलों में पक्षद्रोही या राजीनामा होने पर बरी और एक मामले में दोषमुक्त किया गया। कुल 134 लोगों के बयान हुए। बैठक में एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़, उपनिदेशक अभियोजन भगवान सिंह राठौड़, विशिष्ठ लोक अभियोजक राधेश्याम सेवग, समाज कल्याण अधिकारी नंद किशोक राजपुरोहित उपस्थित रहे।

## साध्वी कान कंवर ने लिया तिविहार संथारा

**नोखा**। आचार्य श्री महाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती शासन श्री साध्वी कान कंवर जी ने 98 वर्ष की अवस्था में तिविहार संथारे का प्रत्याख्यान किया। यह प्रत्याख्यान 13 जनवरी को सुबह 9:51 बजे शासन गौरव साध्वी राजीमतीजी ने गुरु आज्ञा से संपन्न कराया। इस दौरान श्रावक-श्राविकाएं और समाज के सदस्य उपस्थित थे।

इन्द्रचंद बैद कवि ने बताया कि तेरापंथ धर्मसंघ में साध्वी कान कंवर जी वर्तमान में आयु और दीक्षा दोनों में सबसे वरिष्ठ हैं। उनकी चौविहार संथारे की भावना है और पिछले तीन दिनों से उनकी संलेखना चौविहार उपवास के साथ चल रही थी। उन्हें अनासक्त जीवन जीने वाली साध्वी के रूप में जाना जाता है।

इस अवसर पर अखंड जाप जारी है, जिसमें श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। तेरापंथ सभा अध्यक्ष शुभकरण चोरडि़या, महिला मंडल अध्यक्षा प्रीति मरोठी, तेयुप अध्यक्ष निर्मल चौपड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। स्थानीय और बाहर से बड़ी संख्या में लोग साध्वी जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

## पतंगों के माध्यम से महिला सुरक्षा का दिया संदेश

- स्वयंसेवकों ने जो सामाजिक सरोकारों से सम्बन्धित संदेश का प्रचार-प्रसार किया है इसके लिए वे साधुवाद के पात्र है

**बीकानेर**। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइ्यों के द्वारा आज मकर संक्रान्ति के अवसर पर पतंग उडाकर जागरूकता का संदेश दिया।रासेयो स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पतंग पर जागरूकता के स्लोगन लगाकर पतंग उडाई तथा रासेयो इकाइ्यों के द्वारा जागरूकता संदेश लिखी पतंगों का वितरण विद्याथि्यों तथा स्वयंसेवकों में किया गया।जिसमें मुख्य रूप से महिला सुरक्षा, सड.क सुरक्षा तथा नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता संदेश को प्रसारित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने इस अवसर पर पतंग उडाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ. जोशी ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार के माध्यम से स्वयंसेवकों ने जो सामाजिक सरोकारों से सम्बन्धित संदेश का प्रचार-प्रसार किया है इसके लिए वे सभी साधुवाद तथा बधाई के पात्र है। डॉ. जोशी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम माध्यम है। रासेयो प्रभारी डॉ. रीतेश व्यास ने कहा कि यह कार्यक्रम रासेयो इकाइ्यों के द्वारा नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा तथा सड.क सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की कडी में किया गया है जिसके अन्तर्गत जागरूकता संदेश लगी पतंगों को उडाकर तथा उनका आमजन में वितरण कर नशे के खिलाफ आम जन को जागरूक करना है तथा साथ ही आम जन में महिला सुरक्षा तथा सड.क सुरक्षा के प्रति भी जागरूकता पैदा करना है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुन्द व्यास ने सभी स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय स्टाफ का कार्यक्रम में सम्मिलित होने एवं आम जन को जागरूक करने हेतु किए गए प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ओटी शुरू करने को लेकर सीएमएचओ व ब्लॉक सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बीकानेर**, 14 जनवरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध तथा बीकानेर ब्लॉक के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील जैन द्वारा उपजिला अस्पताल नापासर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलक नगर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नापासर अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर को शीघ्र प्रारंभ करवाने के उद्देश्य से चिकित्सकों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक रणनीति तय की गई। सीएमएचओ डॉ. साध ने विशेष रूप से आंखों से संबंधित ऑपरेशन प्रारंभ करवाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना व मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीडी), एचपीवी वैक्सीनेशन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति को लेकर संबंधित अभिलेखों की गहन पड़ताल की गई। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष मेघवाल, डॉ राजेंद्र चौधरी सहित स्टाफ मौजूद रहे। उपजिला अस्पताल नापासर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत गत एक वर्ष में लगभग 28 लाख रुपये के पैकेज सफलतापूर्वक बुक किए गए। वहीं लगभग 14 लाख रुपये के पैकेज निरस्त होना सामने आया, जबकि इन प्रकरणों में लाभाथि्यों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जा चुकी थीं। पैकेज निरस्त होने के कारण अस्पताल को इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि नहीं मिल पाई, जिससे अस्पताल के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## असहाय लोगों कंबल वितरण

**बीकानेर**। रक्तवीर सेवा संस्था बीकानेर टीम ने कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल वितरण अभियान 'मानवता की सेवा, सर्दी में गर्माहट' चलाया। इस अभियान के तहत सड़कों और फुटपाथों पर रहने वाले असहाय लोगों को कंबल, जुराब और टोपी वितरित किए गए। संस्था के संस्थापक रक्तवीर राजेश गोदारा ने बताया कि रक्तवीर सेवा संस्था कि टीम सर्दी के मौसम में गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए निरंतर ऐसे जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। संस्था के सदस्य ओंकारनाथ सिद्ध और डालचंद पाणेचा ने कहा कि वे आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे, साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पब्लिक पार्क, भीमसेन चौधरी सर्किल और जरूरतमंद परिवारों के घरों तक भी कंबल पहुंचाए गए। इस दौरान ओंकारनाथ सिद्ध, श्रवण सिद्ध ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण में सहयोग किया।

## तीन दिवसीय बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल- "आजू गूजा" की शुरुआत कल से

- नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे

**बीकानेर**, 14 जनवरी। तीन दिवसीय ' बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल-आजू गूजा'' की शुरुआत शुक्रवार से डॉ करणी सिंह स्टेडियम में होगी। फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष, एसडीएम बीकानेर आईएएस महिमा कसाना, कोषाधिकारी धीरज जोशी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विदित है कि ' बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल-आजू गूजा'' जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि का नवाचार है। जिला कलेक्टर ने पिछले साल ही इस फेस्टिवल की शुरुआत करते हुए इसका पहला आयोजन रेलवे ग्राऊंड पर करवाया था। अब दूसरी बार यह फेस्टिवल जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन, नगर निगम, बीकानेर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में डॉ करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने जा रहा है।

जिला कलेक्टर श्रीमती वृष्णि ने बताया कि इस बार चिल्०ड्रन फेस्टिवल का आयोजन डॉ.करणी सिंह स्टेडियम में 16 से 18 जनवरी तक किया जाएगा। फेस्टिवल का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। 3 से 14 साल तक के बच्चे इस फेस्टिवल में हिस्सा ले सकेंगे।

खास बात ये भी कि 80 से जूयादा गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।उन्होंने बताया कि बच्चों के परिजन बच्चों के साथ आ सकेंगे। केवल परिजनों का मेले में प्रवेश वर्जित रहेगा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अनूठे फेस्टिवल में बच्चों के लिए देश भर से थिएटर, चित्रकला, माइम, पॉटरी मेकिंग, ऑरिगेमी, मैजिक शो, जायंट पपेट, म्यूजिक एवं नृत्य के अलावा बड़ी संख्या कलाकार बीकानेर आएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार आजू-गूजा का खास आकर्षण धारावी से 18 बच्चों की थियेटर क्रांति रहेगी। इसमें मुंबई के धारावी स्लम से 18 होनहार बच्चे आ रहे हैं, जो यहां पर रैपिंग, ग्रैफिटी, म्यूज़िक और थिएटर के माध्यम से संघर्ष से सफलता की कहानी मंच पर साकार करेंगे।

## श्रीगंगानगर में 20 को हल्की बारिश की संभावना

- न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री पर, अगले 4-5 दिन मौसम ड्राई रहेगा

**श्रीगंगानगर**। पिछले 10 दिनों से कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। शीतलहर और कोहरे के कारण न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मंगलवार को दिन में तेज धूप खिली, जिससे आमजन को राहत मिली। हालांकि, सुबह के समय खेतों में जमकर पाला पड़ा जिससे फसलों के पत्तों पर ओस व बर्फ जमी हुई दिखाई दी।

मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री और अधिकतम 19.9 डिग्री रहा, जबकि सोमवार को न्यूनतम 1.4 डिग्री और अधिकतम 18.3 डिग्री दर्ज हुआ था। धूप निकलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार- जिले में आगामी 4-5 दिन तक मौसम पूरी तरह ड्राई रहेगा। दिन में धूप खिलेगी और कोहरे की संभावना न के बराबर रहेगी। तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी होगी, जो फसलों के लिए फायदेमंद है। धूप से सरसों, चना और हरी सब्जियों में पाले की मार की आशंका कम रहेगी। वहीं, 20 जनवरी से मौसम में बदलाव के आसार हैं। जिले में मावठ की संभावना जताई जा रही है।

कड़ाके की ठंड और सर्दी के प्रकोप को देखते हुए जिले के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। कलेक्टर डॉ. मंजू ने कक्षा नर्सरी से 8वीं तक छुट्टियां बढाने के आदेश जारी किए हैं। अब 14 से 15 जनवरी तक सभी स्कूलों में अवकाश होगा। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए स्कूल समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक कर दिया गया है।

## 'जघन्य अपराधों का त्वरित गति से करें निस्तारण'

**बीकानेर**, 14 जनवरी। जघन्य अपराधों को नियंत्रित करने को लेकर त्रैमासिक बैठक का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम सिटी रमेश देव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम सिटी ने जघन्य अपराधों से संबंधित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश दिए। ताकि पीडित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। बैठक में इससे पहले एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने जघन्य अपराधों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पिछले वर्ष 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक हत्या के कुल 49 मामले दर्ज हुए जिनमें से 07 पेंडिंग है। वहीं बलात्कार के कुल दर्ज 86 मामलों में से 03 पेंडिंग, सामूहिक बलात्कार के 29 दर्ज मामलों में से 01 पेंडिंग, पोक्सो बलात्कार के कुल दर्ज 43 मामलों में से 03 पेंडिंग, पोक्सो सामूहिक बलात्कार के कुल दर्ज 25 मामलों में से 02 पेंडिंग, दहेज हत्या के कुल दर्ज 15 मामलों में 04 पेंडिंग है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कोलायत विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में चौपालों का आयोजन

- अध्यक्ष बिशनाराम सियाग,पूर्व मंत्री भंवरसिंह भाटी ने जनसभाए की

**बीकानेर**, 14 जनवरी। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के काम के अधिकार की रक्षा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार काम व रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने तथा महात्मा गांधी के नाम को हटाने की साज़िश के विरोध में ग्राम पंचायत स्तर पर जनसम्पर्क व चौपालों के आयोजन हेतु आज दूसरे दिन कोलायत विधानसभा की सात ग्राम पंचायतों में यात्रा व जनसभाएं की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी देहात के नेतृत्व में तथा अध्यक्ष बिशनाराम सियाग,पूर्व मंत्री भंवरसिंह भाटी,जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल,स्थानीय पंचायती राज प्रतिनिधियों के सानिध्य में प्रात: 11 बजे से सांय 7 बजे तक ग्राम पंचायत गाढ़वाला, केसरदेसर जाटान, सुरधना चौहानांन, गीगासर, आम्बासर, पलाना व बासी बरसिंहसर में जनसम्पर्क व जनसभाएं आयोजित की गई। इन सात ग्राम पंचायतों में वक्ताओं ने केन्द्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों, मनरेगा को बहाल करने व काम के अधिकार की रक्षा, मनरेगा का नाम बदलने के पिछे मोदी सरकार का मन्तव्य फैसले दल्ली रिमोट कंट्रोल से लेने, ग्राम पंचायत की शक्तियां ठेकेदारों को सौंपी जाने, श्रमिकों के शोषण, 40ऱ राशि का भुगतान हेतु राज्यों पर आर्थिक बोझ डालने,मजदूरों का मजदूरी पाने के अधिकार छीनने, विकास परियोजनाओं को सीमित श्रेणियों के लिए समेटने, स्थानीय मेट का सहयोग नहीं मिलने, नेशनल मोबाईल मोनिटरिंग सिस्टम एप्प आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने, पंचायतों की शक्तियां व अधिकार कम करने, मनरेगा और वीबीजीरामजी का तुलनात्मक रूप से कमियां और मनरेगा से हुए फायदे गिना कर विरोध दर्ज कराया। साथ ही ग्रामीणों से भी इस विषय पर संवाद किया गया। जिला संगठन प्रहलादसिंह मार्शल ने बताया कि गढ़वाला की जनसभा में सरपंच मोहन सारण, पूर्व उपप्रधान भवर गोदारा, श्रीकृष्ण गोदारा, जितेंद्र कस्वां, डॉ प्रीति मेघवाल, मंडल अध्यक्ष जगदीश सारण, किशन राईका आदि के नेतृत्व में, केशरदेसर जाटान में जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य जगदीश कसवां, भूमि विकास बैंक चेयरमैन रामनिवास गोदारा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र कसवां, ऱ्एळघ जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा, प्रीति मेघवाल, केसर देसर मंडल अध्यक्ष जगदीश सारण, जिला सचिव गौरव यादव, श्रवण जाखड़, किशन राईका आदि के नेतृत्व में ,सुरधना में गिरधारीलाल,मूलाराम के नेतृत्व में , गीगासर में सरपंच अर्जुनराम, पूर्व सरपंच मांगीलाल मेघवाल, कुशाल सिंह, विजेन्द्र सिंह, सुरेश टाक के नेतृत्व में,आंबासर में सरपंच रणवीर सिंह के नेतृत्व में, आदि के नेतृत्व में सम्बंधित ग्राम पंचायतों के वाशिंदे ग्रामीण,कांग्रेसी कार्यकर्ता जन सभाओं में मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5100 दिनांक : 14.01.2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0" गुणा 70'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती ज्योति पत्नी श्री मंगत राम निवासी एस एस बी रोड श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती ज्योति पत्नी श्री मंगत राम निवासी एस एस बी रोड श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0" गुणा 70'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 23.12.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 35 के किला नं. 17 में माप 20 इन्टू 65 फीट, भूखण्ड संख्या 331, होमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 9516 दिनांक 28.03.2011 को होमलैण्ड सिटी प्रोजेक्ट लि. जरिये डायरेक्टर श्री संजीव मित्तल पुत्र श्री मेघराज मित्तल के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती सरिता देवी पत्नी श्री केशव मित्तल निवासी म.न. 140 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर एवं श्रीमती समीक्षा बिनानी पत्नी श्री कृष्णम बिनानी निवासी म.न. 75-76 गणगौर नगर, गली नं. 2, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.06.2025 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.01.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 15 में माप 31.8 इन्टू 52 फीट भूखण्ड संख्या 15, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 6950 दिनांक 28.04.2009 को श्रीमती अनिता देवी पत्नी श्री अजीत कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती निशा पत्नी श्री पंकज वर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 31.8 इन्टू 21 फीट एवं श्रीमती रमन कुमारी पत्नी श्री विनोद कुमारी द्वारा माप 31.8 इन्टू 21 फीट जरिये पंजीकृत बैयनामा अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref. No. 19926097 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5099 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 जेड ए मुरब्बा नं. 19/10 के किला नं. 20 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0" गुणा 40'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री ज्ञानेश कुमार पुत्र श्री बेचेलाल निवासी वार्ड नं. 01 गली नं. 04 देवनगर पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री ज्ञानेश कुमार पुत्र श्री बेचेलाल निवासी वार्ड नं. 01 गली नं. 04 देवनगर पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 जेड ए मुरब्बा नं. 19/10 के किला नं. 20 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0" गुणा 40'-0" फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।